NT (Main Examination)—2014

HINDI

Paper IV

Time : 1.30 *Hours* *Maximum Marks* : 50

1. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

Use of force happens when the security forces are severely provoked and in an adverse situation, and consequently under great stress. If we drop a bomb on a village to kill two terrorists, and instead, destroy a house with twenty innocent civilians, including women and children, the result will be the creation of twenty families of sworn enemies.

2. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या इस तरह कीजिए कि लेखक का मंतव्य, प्रमुख शब्दों के अर्थ, भाव-पल्लवन एवं पाठकीय प्रतिक्रिया व्याख्या में समाहित हो जाए : 10

यह एक रहस्य है कि भलाइयों में जितना द्वेष होता है, बुराइयों में उतना ही प्रेम। विद्वान् विद्वान् को देखकर, साधु साधु को

P.T.O.

देखकर और कवि कवि को देखकर जलता है। पर जुआरी जुआरी को देखकर, शराबी शराबी को देखकर, चोर चोर को देखकर सहानुभूति दिखाता है, सहायता करता है। बुराई से सब घृणा करते हैं, इसलिए बुरों में परस्पर प्रेम होता है। भलाई की सारा संसार प्रशंसा करता है, इसलिए भलों में विरोध होता है।

(प्रेमचंद)

3. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या इस तरह कीजिए कि कवि का मंतव्य, प्रमुख शब्दों के अर्थ, भाव-पल्लवन एवं पाठकीय प्रतिक्रिया व्याख्या में समाहित हो जाए : 10

हम इन्टेलेक्चुअल हैं
हम दुनिया को चलाना बता सकते हैं
पर खुद नहीं चल सकते
हम सारी दुनिया पर शासन कर सकते हैं
पर खुद अनुशासित नहीं हो सकते।

(लक्ष्मीकान्त वर्मा)

4. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखते हुए अपने वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 8

(*i*) नौ दो ग्यारह होना।

(*ii*) अन्धे की लाठी होना।

(*iii*) अंगारों पर लोटना।

(*iv*) अक्ल पर पत्थर पड़ना।

(*v*) ईद का चाँद होना।

(*vi*) कुत्ते की मौत मरना।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : 6

(*i*) आदर

(*ii*) उपकार

(*iii*) आशा

(*iv*) इच्छा

(*v*) तीव्र

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 6

(*i*) पेड़ पर फल लटक रही हैं।

(*ii*) तुम ताजी गाय का दूध लेकर आओ।

(*iii*) अर्चना बड़ा सुन्दर लड़की है।

(*iv*) मैं लिखा हूँ।

(*v*) मैंने उसे चुभता बात सुनाया।